तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 9 दिसंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 खंडहर हो रहे धनसुली के अटल आवास में रहने की मजबूरी...



11 ज्यादा लाभ के लालच में फंसीं सैकड़ों महिलाएं...



## सुविधा : शासन ने जारी की अधिसूचना, आज से लागू

# आज से घर बैठे करा सकते हैं रजिस्ट्री, देने होंगे 25 हजार, तत्काल की सुविधा में लगेंगे 15 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासन ने जमीन रजिस्ट्री के लिए नया आदेश अधिसूचना जारी किया है, जो आज से प्रदेशभर में होगा लागू हो जाएगा। नया आदेश में यह है कि लोग अपने घर बैठे रजिस्ट्री करा सकते हैं, लेकिन इस सहुलियत के लिए खरीदार को एक मोटी रकम के रूप में 25 हजार रुपए चुकाना होगा। अगर कोई 25 हजार देने में सक्षम है, तो सरकारी चौखट जाए बिना ही रजिस्ट्री हो जाएगी। इसके लिए बकायदा विभाग के अफसर घर पहुंच सुविधा देंगे। इसके साथ ही हर रोज होने वाली रजिस्ट्री की लिमिट फूल हो गई ओर आपको रजिस्ट्री करानी है, तो इसके लिए पन्द्रह हजार का शुल्क देकर यह सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। यह दोनों सेवाएं आज सोमवार से लागू हो जाएगी। राज्य शासन ने इसके लिए अधिसूचना भी जारी कर दी हैं। हालांकि पहले भी घर बैठे रजिस्ट्री कराने का भी नियम था। लेकिन उसमें खरीददार के बीमार होने पर एक हजार शुल्क लेने के बाद सुविधा मिलती थी। लेकिन इस नए आदेश में राशि सीधे 25 हजार कर दी गई है।

■ राज्य शासन ने लोगों को सुविधा देने और सरकारी खजाना भरने जारी किया नियम

### हक त्याग का काम 500 में




पूर्व में हक त्याग के प्रकरण में 500 रूपए में प्रक्रिया पूरी किए जाने की घोषणा राज्य शासन द्वारा की गई थी। इस संबंध में भी 6 दिसंबर की अधिसूचना में आदेश जारी कर दिया गया है। यह सुविधा भी सोमवार से अमल में आ जाएगी। इसमें परिवार के सदस्य के पक्ष में रजिस्ट्री पर 500 रुपए ही लगेंगे। यह परिवार के रिश्तेदार पिता, माता, पति, पत्नी, पुत्र, पुत्री, पुत्रवधु, बहन तथा पौत्र पौत्री शामिल हैं, के पक्ष में हक का की रजिस्ट्री पर लागू होगा। इसी तरह अचल संपति के विक्रय, विनियम या दान, दो परिवार के सदस्यों से व्यक्ति के पक्ष में हो ऐसे मामलों में रजिस्ट्री शुल्क बाजार मूल्य का चार प्रतिशत लगेगा।

### दोनों सेवाओं के लिए देनी होगी अतिरिक्त राशि

राज्य शासन द्वारा एक तो घर बैठे रजिस्ट्री और दूसरा तत्काल रजिस्ट्री नियम लागू की है। यह दोनों सेवाओं के लिए पक्षकार को स्टांप शुल्क व पंजीयन शुल्क के अलावा अतिरिक्त वहन करना होगा। पंजीयन की प्रक्रिया में बदलाव के लिए सरकार ने एक्ट के अनुच्छेद सात में बदलाव किया है। रजिस्ट्रार द्वारा किसी भी दस्तावेज के रजिस्ट्रीकरण के लिए अतिरिक्त शुल्क 25 हजार रुपए लगेगा, लेकिन इसके साथ ही रजिस्ट्री के लिए लिया जाने वाला सामान्य शुल्क भी अदा करना होगा। इस संशोधन की टीप में लिखा गया है कि इस अनुच्छेद के अधीन अतिरिक्त फीस, वसीयतों तथा दत्तक ग्रहण के अधिकार पत्रों के रजिस्ट्रीकरण पर देय नहीं होगी। वही सब रजिस्ट्रार किसी निष्पादन में हितबद्ध होने के कारण या स्वयं रजिस्ट्रीकरण के लिए असमर्थ हो।

### दफ्तर अगर बंद भी हो तो भी मिलेगी लाभ

दरअसल तत्काल रजिस्ट्री का प्रावधान पहली बार राज्य शासन द्वारा किया गया है। इसमें रजिस्ट्री दफ्तर अगर बंद भी हो जाए और तत्काल प्रक्रिया करानी है तो पन्द्रह हजार देने पर यह लाभ मिलेगा। शासन द्वारा इस नई पैड सर्विस के लिए बीते छः दिसंबर को अधिसूचना जारी कर दी हैं। जिसके बाद यह आज सोमवार से अमल में आ जाएगा।

### उप पंजीयक को 65 रजिस्ट्री का स्लाट

उप पंजीयक को एक दिन में 65 रजिस्ट्री का स्लाट मिलता है। इसके बाद दूसरे दिन की तिथि पक्षकारों को दी जाती थी। लेकिन अब पन्द्रह हजार देने पर 66 नंबर पर आपकी रजिस्ट्री हो जाएगी। यानी जो रजिस्ट्री टाइम स्लॉट से अलग से मांगे समय पर होनी चाहिए, तो उन्हें इस काम के लिए 15 हजार रुपए देने होंगे। पंजीयन विभाग के कामकाज के जानकारों के मुताबिक राज्य में इस तरह की व्यवस्था पहली बार की गई है। इससे पहले होता यह था कि जिसे भी रजिस्ट्री करवाना हो. उन्हें रजिस्ट्री दफ्तर आना ही पड़ता था। यह बदलाव करने के लिए वाणिज्यक कर (पंजीयन) विमाग ने रजिस्ट्रीकरण एक्ट में संशोधन किया है।

## खबर संक्षेप

### फार्म हाउस में खड़ी हार्वेस्टर में लगी आग



**बालोद/निकुम।** अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के खुरसुनी में रेखदास के फर्म हाउस में चैन धान हारवेस्टर मशीन में बीते 3 दिसंबर की मध्य रात्रि लगभग दो बजे आग लग गई। वाहन चालक संतोष सिन्हा गब्दी को सूचना मिलते ही पहुंचे। तब तक मशीन जल गई थी। लेकिन बीते सप्ताह भर के बाद भी अर्जुंदा पुलिस के हाथ खाली है। संतोष सिन्हा ने बताया कि घटना की अर्जुन्दा थाने में शिकायत की। उसने बताया कि किसान होने के कारण राजनांदगांव के व्यापारी से मशीन को धान काटने के लिए खुरसुनी, देवरीद, देवसरा, खुरसुल, मोहदीपाठ सहित अंचल में खेतों में धान काटते हैं। वहीं खुरसुनी रेखदास के फार्म हाउस में पूरे सुरक्षित सिस्टम ढंग से बंद करके रखते हैं। लेकिन बंद चैन हारवेस्टर में आग कैसे लगी, यह जांच का विषय है। वहीं, चैन हारवेस्टर जलने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। बता दें कि बड़ी संख्या में धान कटाई के लिए पंजाब सहित अन्य राज्य से कई लोग आते हैं। वहीं, खुरसुनी में फैक्ट्री, राइस मिल में कई बाहर राज्य के श्रमिक काम करते हैं। लेकिन पुलिस को स्थानीय कोटवार मुसाफिरी व संदेही की जानकारी पुलिस तक नहीं पहुंचती है। अर्जुंदा पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बालोद।** देर शाम कोतवाली थाना अंतर्गत रानीतराई रेलवे पटरी पर तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आकर देवरी (बड़गांव) निवासी थानसिंह मंडावी 35 साल की मौत हो गई। इस मामले की जांच में कोतवाली पुलिस जुट गई है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 15 को

**डौंडीलोहारा।** सेठ धनराज लोढा के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 15 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से नगर के जैन अर्चना भवन जैन मंदिर के पास किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ आंखों के नम्बर की जांच, बहरेपन की जांच की जाएगी। इसके साथ ही जरूरत मंद लोगों को चश्मा भी प्रदान किया जाएगा। नगर के भागचंद, धरमचंद, गुमान चंद व नोपचन्द लोढा ने बताया कि इस अवसर पर डीएम गैस्ट्रो पेट व लिवर विशेषज्ञ डॉ अभिषेक जैन, किडनी व मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ हर्ष जैन, एमडी डॉ नेहा जैन, चर्म रोग विशेषज्ञ डा यात्रा जैन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ जया जैन अपनी निःशुल्क सेवा देंगे। मरीज अपनी पुरानी पर्ची व रिपोर्ट भी साथ में ला सकते हैं। नगर के अंकुश जैन व नमन जैन ने बताया कि अग्रिम पंजीयन 13 दिसम्बर तक नगर के जय ज्वेलर्स, जय इंटरप्राइजेज व जय मेडिकल में कराया जा सकता है।

## हाईवा की चपेट में आने से मोटर साइकिल सवार एक छात्र की मौत, दूसरा गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जिले के सनौद थाना क्षेत्र में एक अज्ञात हाइवा ने अरमरीकला स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ने वाले दो छात्रों को अपनी चपेट में ले लिया। छात्र स्कूल से अपने ग्राम सनौद बोहारा मोटर सायकल से वापसी आ रहे थे, इसी दरम्यान काली मंदिर सनौद के पास यह दुर्घटना घटी।

इस हादसे में 10वीं कक्षा के एक छात्र की मौके पर मौत हो गई, वहीं उसके साथ पीछे बैठा 8वीं का छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र को घटना के बाद 108 एंबुलेंस की मदद से धमतरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना शनिवार दोपहर की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार एक बालक उज्वल कुमार पिता धरमपाल साहू कक्षा 10 मृत घोषित किया गया है और दूसरा बालक खेमेंद्र कुमार पिता भूपेश कुमार कक्षा 8 की स्थिति गम्भीर बताई जा रही है।

## नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में प्रत्याशी उतारेगी शिवसेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे पार्टी के प्रदेश सचिव व जिला बेमेतरा प्रभारी दाऊराम चौहान, जिला अध्यक्ष गिरवर रजक की मौजूदगी में जिला कार्यालय पर शिव सैनिकों की बैठक हुई।

बैठक में श्री चौहान ने कहा कि आने वाले नगरी निकाय चुनाव एवं ग्राम पंचायत, नगर पंचायत व जिला पंचायत में शिवसेना अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारेगी। उन्होंने जिला व ब्लॉक एवं नगर व पंचायत स्तर के समस्त शिव सैनिक पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को सक्रिय होकर पार्टी हित में कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिला स्तर के पदाधिकारी जिला महासचिव डोमेन्द्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष रामचरण वर्मा, जिला सलाहकार बाबूलाल साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## दाढ़ी में लगा संकुलस्तरीय बाल आनंद मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी

शासकीय प्राथमिक शाला दाढ़ी में संकुल स्तरीय बाल आनंद मेला व विज्ञान, गणित मॉडल प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक, मिडिल स्कूल, हायर सेकेंडरी व आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के गणित और विज्ञान विषय पर मॉडल बनाकर जहां प्रदर्शित किया वहीं छत्तीसगढ़ी व्यंजन का स्टॉल लगाया गया।

■ विज्ञान और गणित विषय पर आधारित मॉडल का किया गया प्रदर्शन




आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के तौर में विधायक प्रतिनिधि राजेश जैन मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण खरे, एंव विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक राजेंद्र कुमार साहू,अवधेश दुबे , विनय श्रीवास, थाना प्रभारी रोहित साहू शामिल हुए ।कार्यक्रम में मॉडल प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले बच्चों को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 500 व शील्ड, दूसरा स्थान पर 300 व शील्ड सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चो को प्रथम स्थान 500 व शील्ड दूसरा स्थान 300 व शील्ड देकर सम्मानित किया गया इसके अलावा सभी प्रतिभागी बच्चो को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया।उक्त कार्यक्रम का आयोजन शासकीय प्राथमिक विद्यालय दाढ़ी के प्रधान पाठक चंद्रभान सिंह ध्रुव ने स्वयं के व्यय से किया गया जिस पर अतिथि एवं पालकों ने सरहाना किए श्री ध्रुव ने बच्चो को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यकम का आभार प्रकट शिक्षक साहू ने किया।

इस दौरान दाढ़ी संकुल प्राचार्य डी डी चतुर्वेदी,बालक संकुल से संकुल प्रभारी डी के ग्वालवंसी ,संकुल समन्वयक परमेश्वर सिंह ,बालक दाढ़ी ,संकुल समन्वयक सतवंशी, कन्या स्कूल दाढ़ी सोनलाल चंद्राकर, मालिक राम तथा विभिन्न स्कूल से आए सभी शिक्षक, शिक्षकाएं एवं पालक उपस्थित रहे ।

## थम गया विकास, चारों ओर मची है लूट : छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगरीय निकाय व धान खरीदी सहित 12 दिसंबर से राज्य सरकार की विफलताओं को लेकर पोल खोल अभियान की शुरुआत किए जाने को लेकर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा मौजूदगी में

■ शहर कांग्रेस की बैठक में शामिल पूर्व विधायक ने बताई नाकामी

■ बैठक में नगरीय निकाय चुनाव सहित विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा

शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आपस में विचार विमर्श किया। इसमें 10 दिसंबर धान खरीदी व किसानों के साथ उत्पन्न हो रही परेशानियों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले होने वाले धरना प्रदर्शन व 12 दिसंबर से राज्य सरकार की विफलताओं को लेकर पोल खोल अभियान की बेमेतरा शहर में शुरुआत किए जाने की रणनीति बनाई गई। बैठक में शामिल पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस को छत्तीसगढ़ में सत्ता से हटे 1 वर्ष ही बीता है और राज्य में भाजपा सरकार ने हाहाकार मचा रखा है। आमजन पछता रहे हैं कि हमने प्रदेश में भाजपा की सरकार को क्यों चुना। चारों तरफ अराजकता का माहौल है। साय सरकार प्रदेश को संभाल नहीं पा रही है, यही स्थिति बेमेतरा में भी है। श्री छाबड़ा ने यह भी कहा कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में विकास थम गया है, चारों ओर लूट मची है, आम जनता परेशान है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अब आम जनता को भाजपा सरकार की खामियां बताते हुए जनहित के मामलों को बिना किसी डर व झिझक के उठाना होगा। इसके अलावा उन्होंने बैठक में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट के साथ कार्य करने की भी नसीहत दी।



इस अवसर पर बैठक में शहर कांग्रेस कमेटी सुमन गोस्वामी, ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस लुकेश वर्मा, ललित विश्वकर्मा महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, टीआर जनार्दन, मनोज शर्मा, दिनेश पटेल, सीआर साहू, बीडी मानिकपुरी, शत्रुघ्न साहू, राम ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुकदेव जी ने भागवत कथा सुनाकर मनुष्य को मुक्ति का मार्ग दिखा दिया

**थानखम्हरिया।** नगर में श्रीमद्भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक पं. सुरेश कुमार द्विवेदी ने प्रथम दिवस परीक्षित जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि परीक्षित महाभारत के महानायक अर्जुन के पौत्र और अभिमन्यु के पुत्र थे।

उनकी माता उत्तरा थीं। महाभारत युद्ध के बाद उत्तरा गर्भवती हुईं। अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करके उत्तरा के गर्भ को नष्ट करने का प्रयास किया, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी दिव्य शक्ति से गर्भ में स्थित बालक की रक्षा की। इस बालक ने गर्भ में ही भगवान का दर्शन किया और दिव्य गुणों से सम्पन्न हुआ। इस कारण उसका नाम परीक्षित पड़ा, जिसका अर्थ है जो भगवान की खोज करता है। परीक्षित आगे चलकर कुरु वंश के महान राजा बने। साथ ही शुकदेव जन्म की कथा में बताया कि शुकदेव ऋषि वेदव्यास के पुत्र थे। उनका जन्म ब्रह्मज्ञान प्राप्त ऋषि के रूप में हुआ। कथा के अनुसार, शुकदेव का जन्म उनके पिता के तप और भगवद्भक्ति का फल था। जन्म से ही वे आत्मज्ञानी और वैराग्य के प्रतीक थे। उनकी माता के गर्भ में वे 12 वर्षों तक रहे। जब जन्म का समय आया, तो उन्होंने पिता वेदव्यास से पूछा कि क्या संसार में माया के बंधन से बचा जा सकता है। पिता ने उन्हें भगवान श्रीकृष्ण की महिमा और भक्ति का महत्व समझाया।



शुकदेव जन्म से ही संसार के मोह से विरक्त थे। उन्होंने बचपन में ही वन में जाकर तपस्या और भगवतचिंतन को अपना जीवन बना लिया। बाद में वे राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाने के लिए प्रसिद्ध हुए। यही कथा श्रीमद्भागवत के रूप में जानी जाती है।

## छत्तीसगढ़ पिछड़ा कल्याण आयोग ने जारी किए दिशा-निर्देश

# जिस पंचायत में एससी-एसटी के लिए 50 फीसदी स्थान आरक्षित, वहां आरक्षण लागू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग ने अधिसूचना जारी कर स्पष्ट कर दिया है कि, जिस पंचायत में एससी व एसटी की पचास फीसदी स्थान आरक्षित हैं, वहां आरक्षण पध्दति लागू नहीं होगी। जबकि जिस पंचायत में इन दोनों वर्गों की बाहुल्यता पचास फीसदी से कम होगी, वहां कलेक्टर लाटरी पध्दति से आरक्षण तय करेंगे। इस आशय की अधिसूचना राज्य शासन द्वारा 6 दिसंबर को जारी कर दी गई है।

■ केवल एसटी व एससी के कम बाहुल्य वाले पंचायत के लिए निकाली जाएगी लॉटरी

उल्लेखनीय है कि, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में इस बार आरक्षण की नई व्यवस्था लागू होगी। पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर सरकार द्वारा आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। अगर किसी ग्राम पंचायत में एससी एसटी के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण है, तो वहां ओबीसी को कोई आरक्षण नहीं मिलेगा। इस संबंध में अध्यादेश में कहा गया है कि, जहां अनुसूचित जातियों, जनजातियों के लिए पचास प्रतिशत या पचास प्रतिशत से अधिक स्थान आरक्षित किए गए हैं, वहां अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई स्थान आरक्षित नहीं होगा। इसी तरह की प्रक्रिया जिला पंचायतों के चुनाव पर भी लागू होगी। जिला पंचायत के संबंध में यह भी कहा गया है कि, यदि राज्य में अनुसूचित जातियों, जनजातियों के लिए पचास प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित किए गए हों तो यथासंभव निकटतम रूप से राज्य के भीतर जिला पंचायतों के अध्यक्षों के कुल स्थानों की संख्या के पचास प्रतिशत की अधिकतम सीमा के अध्याधीन रहते हुए शेष स्थान पर अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित किए जाएंगे।



### अंतिम प्रकाशन के बाद शुरू होगी प्रक्रिया

आगामी तेरह दिसंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन जिला निर्वाचन आयोग द्वारा किया जाएगा। ठीक इसके बाद से ही आरक्षण प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। सूत्रों की माने तो यह प्रक्रिया 13 तारीख से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव साथ-साथ कराने की तैयारी चल रही है। चुनाव तारीखों की घोषणा विधानसमा सत्र निपटने के बाद की जाएगी। बताया गया कि नगर निगमों के महापौर, और वाडों के आरक्षण की प्रक्रिया 13 तारीख से शुरू होगी. और 20 दिसंबर तक चलेगी। इस दौरान पंचायतों में भी आरक्षण होगा।

### इस तरह मिलेगा आरक्षण

अध्यदेश में कहा गया है कि किसी भी पंचायत में अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के पचास प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित किए हैं, वहां यथासंभव निकटतम रूप से कुल स्थानों की संख्या के पचास प्रतिशत की अधिकतम सीम के अध्याधीन रहते हुए शेष स्थान, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित किए जाएंगे और ऐसे स्थन पर उस ग्राम पंचायत के भिन्न वार्डों को विहित रीति व चक्रानुक्रम में कलेक्टर द्वारा आवंटित किए जाएंगे। यही प्रक्रिया जनपद पंचायतों के चुनाव में भी लागू होगी।

### महिला ने लगाई फांसी

**भिलाई।** पति पत्नी के विवाद के बाद पत्नी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचदेवरी निवासी माया जांगड़े ने अपने घर में फांसी लगाकर अत्महत्या कर ली। महिला नींद आने की बीमारी से पीड़ति थी। घटना से एक दिन पहले पहले माया और उसके पति प्रमोद जांगड़े के बीच विवाद हो गया। लेकिन जूता अच्छी तरह साफ नहीं होने पर दोनों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान गुस्से में आकर पति प्रमोद ने पत्नी को थप्पड़ जड़ दिया। पति के काम पर जाने के बाद पत्नी ने कमरे में जाकर फांसी लगा ली।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### शराब के नशे में गाली गलौज, आरक्षक निलंबित

**रायपुर।** अभनपुर थाने में तैनात एक आरक्षक को एसएसपी डॉ. संतोष सिंह के आदेश पर निलंबित किया गया है। आरक्षक पर शराब के नशे में लोगों के साथ गाली-गलौज करने का आरोप है। जारी आदेश के मुताबिक, आरक्षक संतोष कोसरिया को निलंबित किया गया है। आरक्षक का कृत्य रेगुलेशन के विपरीत पाए जाने पर एसएसपी ने निलंबन आदेश जारी किया है।

### गैंती गैंग के तीन और शातिर गिरफ्तार



**रायपुर।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो दर्जन से ज्यादा चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंती गैंग के तीन और बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी चोरी का माल खपाने के आरोप में पकड़े गए हैं। गैंती गैंग से अब तक 45 लाख रुपए से ज्यादा के चोरी किए गए माल की बरामदगी हो चुकी है। गिरफ्तार आरोपी मुंगेली तथा बिलासपुर जिले के रहने वाले हैं।

### शराब दुकान से बाइक चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने पुराना बस स्टैंड स्थित शराब दुकान से बाइक चोरी करने के आरोप में एक शातिर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, सुमित राव की शिकायत पर भाठागांव निवासी अंकित जोशी को बाइक चोरी करने के आरोप में पकड़ा गया है। अंकित एक माह पूर्व 18 नवंबर को शराब दुकान के पास से बाइक चोरी कर ले गया था।

### सूने मकान का ताला तोड़ लाखों की चोरी

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक युवक ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान का ताला तोड़ डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी 20 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, गोगांव निवासी दुर्गेश ठाकुर ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। दुर्गेश ने पुलिस को बताया कि गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात कोई अज्ञात चोर उसके घर की चारदीवारी फांदकर अंदर घुसा और मेन गेट का ताला तोड़ आलमारी का लॉकर तोड़ सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी चोरी कर ले गया।

### चोरी करते पकड़ा गया तो दंपति को ही पीट दिया

**रायपुर।** टिकरापारा में एक व्यक्ति ने एक चोर के खिलाफ चोरी करते रंगे हाथ पकड़े जाने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, बृजनगर निवासी महेसर अली ने सोनू कांचा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महेसर ने पुलिस को बताया कि शनिवार तड़के उसे अपने कमरे से खट-खट की आवाज आई तो उसकी नींद खुल गया। इस दौरान कमरे में मौजूद सोनू चोरी करने की नीयत से आलमारी का लॉकर तोड़ने की कोशिश कर रहा था। पकड़े जाने पर सोनू ने महेसर तथा उनकी पत्नी के साथ मारपीट की और मौके से फरार हो गया।

# 23 हजार से ज्यादा बूथ में भाजपा की कमेटियां बनीं, अब 15 तक होंगे मंडल अध्यक्ष के चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश भाजपा में संगठन चुनाव चल रहा है। अब मंडलों में अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। करीब 25 हजार बूथों में बूथ कमेटियां बनानी हैं, इसमें से 23 हजार दो सौ बूथों में कमेटियां बन गई हैं। अब तक एक भी बूथ ऐसा सामने नहीं आया है, जहां पर 50 से कम सदस्य होने के कारण एडहॉक कमेटी बनाने की जरूरत पड़ी हो। वैसे सभी बूथों में चुनाव हो गए हैं, कुछ जिलों से अब तक रिपोर्ट नहीं आई है।

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव अगले साल जनवरी में होना है। इसके पहले देश के सभी राज्यों में भाजपा के संगठन चुनाव हो रहे हैं। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी 20 नवंबर से बूथ कमेटियां का चुनाव प्रारंभ किया गया। यह चुनाव वैसे तो 30 नवंबर तक समाप्त हो जाना था, लेकिन तय समय तक 15 हजार बूथों में ही चुनाव हो सका था, ऐसे में प्रदेश संगठन ने समय सीमा को पांच दिसंबर तक बढ़ाया। तय समय में लगभग बूथों में कमेटियां बन गई हैं। प्रदेश के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख के मुताबिक अब तक 23 हजार दो सौ बूथों में कमेटियों के बनने की जानकारी आ चुकी है। बाकी स्थानों से जानकारी आनी अभी बाकी है। जिन बूथों में भाजपा के 50 सदस्य नहीं बने होंगे, वहां पर एडहॉक कमेटी बनाएंगे। इसके बाद यह कमेटी प्रयास करेगी कि वहां पर सदस्य संख्या 50 हो जाए। 50 सदस्य बनने के बाद वहां पर एडहॉक कमेटी के स्थान पर बूथ कमेटी बना देंगे। अब तक रिपोर्ट में एक भी बूथ ऐसा सामने नहीं आया है जहां पर एडहॉक कमेटी बनाने की जरूर पड़ी हो।

## अब तक एक भी बूथ 50 से कम सदस्य वाला सामने नहीं आया




### 15 तक बन जाएंगे सभी मंडलों में अध्यक्ष

भाजपा के 405 मंडलों के चुनाव के लिए 1 से 15 दिसंबर का समय तय किया गया है। एक दिसंबर को प्रदेश संगठन की बैठक के कारण मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो सकी। प्रदेश संगठन की बैठक में तय किया गया पहले सभी जिलों में दो दिसंबर को कार्यशाला होगी। ऐसे में दो दिसंबर को सभी जिलों में कार्यशाला के बाद अब तीन दिसंबर से मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 15 दिसंबर तक सभी मंडलों में अध्यक्ष बन जाएंगे। जो भी दावेदार सामने आएंगे, उनसे पर्यवेक्षक और जिलों के पदाधिकारी बात करके सर्वसम्मति से किसी एक को मंडल अध्यक्ष बनाने का काम करेंगे। जहां पर सर्वसम्मति नहीं बन पाएगी, वहां पर मतदान से चुनाव होगा। किसी भी हाल में मंडल अध्यक्ष 45 साल से ज्यादा का नहीं होगा। कार्यकारिणी में जरूर 45 साल से ज्यादा के पदाधिकारी चल जाएंगे।

# खंडहर हो रहे धनसुली के अटल आवास में रहने की मजबूरी, जरूरी सुविधा भी गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

धनसुली गांव में तीन सौ परिवारों को स्वतंत्र अटल आवास बनाकर देने के बाद हाउसिंग बोर्ड भूल गया है। कॉलोनी में जिन लोगों ने मकान रहने के लिए खरीदा, उन्हें खंडहर होता देखकर किराए पर दे दिया है। इससे वहां की सुरक्षा भी भगवान भरोसे है। आसपास खाली जमीन भी अवैध कब्जे की भेंट चढ़ने लगी है। सालभर में चार बार शिकायत करने पर भी सिर्फ सर्वे किया गया है।

- **हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी में लोग सुविधा को तरसे, सुधार के नाम पर सिर्फ सर्वे**

विधानसभा के पास धनसुली गांव में 300 अटल आवास रख-रखाव के अभाव में खंडहर होने लगे हैं। इसका निर्माण गरीबों को आशियाना और सुविधा देने के लिए किया गया। इसे बनवाने के बाद अधिकारी भूल गए हैं। हाउसिंग बोर्ड ने वर्ष 2008 में कॉलोनी को बनवाया था। इसे 2010 में एक लाख 10 हजार में लोगों को बेचा गया। लोगों से पैसा लेने के बाद जिम्मेदार कॉलोनी की सुध नहीं ले रहे हैं। इससे अटल आवास में प्रापर पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सफाई, पानी निकासी के लिए सीवरेज लाइन की सुविधा भी नहीं मिल रही है। इसके कारण जो लोग कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं, उन्हें दो कमरे, रसोई, शौचालय और स्नान गृह दिया है, लेकिन पानी निकासी, पेयजल की सुविधा नियमित नहीं होने से आए दिन परेशानी होती है।




### आस-पास होने लगा है कब्जा

अटल आवास में रहने वाले लोगों ने बताया कि चार बार सुविधा देने मांग की गई। इसके बाद सर्वे किया और फिर अधिकारी सुध लेने नहीं आए। नतीजा यह है कि आस-पास में खाली जमीन पर कुछ लोगों ने झोपड़ी बनाकर रहना शुरू कर दिया है। रात में स्ट्रीट लाइट का अभाव होने का फायदा उठाते हुए वे आए दिन चोरी, मारपीट की घटना करते हैं। किसी प्रकार से अव्यवस्था में सुधार नहीं होने से अब लोगों ने भी मकान किराए पर देकर दूसरी जगह रहना शुरू कर दिया है, इससे समस्या का सुधार भी नहीं हो रहा है।

### सुविधा ही नहीं टैक्स भी अटका

सूत्रों ने बताया कि अटल आवास को जिन लोगों ने खरीदा है, उनसे छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल पानी और मेंटेनेंस टैक्स लेता है। दर्जनों परिवार कॉलोनी में ऐसे हैं, जिनके द्वारा सुविधा शुल्क जमा नहीं किया जाता। इससे लोगों पर ब्याज समेत 25 से 30 हजार का टैक्स बकाया है। ऐसे लोग मकान नहीं बेच पा रहे हैं, क्योंकि इसके लिए हाउसिंग बोर्ड एनओसी नहीं दे रहा है। इससे लोग वहां फैली हुई अव्यवस्था से भी बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। फंसे हुए लोग भी टैक्स और बकाया ब्याज चुकाने से नहीं उबर पाए हैं।



**जो समस्या है उन्हें संज्ञान में लेंगे**

वहां के लोगों से जुड़ी जो समस्याएं बता रहे हैं, उनके सुधार की प्रक्रिया शुरू की गई है। अगर आसपास कब्जे की स्थिति है, तो उसे भी संज्ञान में लिया जाएगा। *- पुरुषोत्तम साहू, ईई, हाउसिंग बोर्ड डिवीजन-2, रायपुर*

# मूणत ने 3 और वार्डों को दी 1 करोड़ के कार्यों की सौगात



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत ने शनिवार को स्वामी आत्मानंद वार्ड में 20 लाख रुपए से आंगनबाड़ी भवन का काम शुरू करवाया। इससे पहले उन्होंने पांच सामुदायिक भवनों की मरम्मत तथा विस्तार के लिए पांच-पांच लाख के हिसाब से 25 लाख रुपए का फंड न सिर्फ मंजूर करवाया, बल्कि इनका काम शुरू करवा दिया। ये सामुदायिक भवन डबरीपारा, वासुदेव पारा, भीम नगर में है। इनके साथ ठाकुर देव भवन के नया निर्माण तथा शीतला हनुमान सामुदायिक भवन की मरम्मत का काम भी उन्होंने शुरू करवाया है।

- **जनसुविधा से जुड़ी कोई भी जरूरत वे सीधे आकर बता सकते हैं : मूणत**

श्री मूणत ने शनिवार को स्वामी आत्मानंद वार्ड की बड़ी जरूरत पूरी करते हुए मध्यम आकार की तीन पुलिया का काम शुरू करवाया, जिससे वार्ड की बड़ी आबादी को सुविधा मिलेगी। ये पुलिया अग्रोहा कालोनी के पास, साईं मंदिर क्षेत्र और विप्र नगर में थोड़ी-थोड़ी दूरी वाली कंक्रीट रोड के साथ बनाई जाएंगी। श्री मूणत ने इस वार्ड में पुलिया के साथ सीसी रोड और सामुदायिक भवन की मरम्मत के लिए कुल मिलाकर 51 लाख रुपए के काम शुरू करवाए हैं। उन्होंने कहा, सारे काम निर्धारित समय पर पूरे होंगे और क्वालिटी से किसी तरह का समझौता नहीं होगा, इसके निर्देश निगम अफसरों को दे दिए गए हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र के सभी वार्डों के लोगों से अपील की कि जनसुविधा से जुड़ी कोई भी जरूरत वे सीधे आकर बता सकते हैं। प्राथमिकता के आधार पर इन कार्यों का एस्टीमेट बनवाकर फंड की व्यवस्था की जाएगी और काम तुरंत शुरू कर दिया जाएगा।

# सेक्सटार्सन का भय दिखाकर लूट, पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आमानाका थाना क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से अपने झांसा में लेकर सेक्सटार्सन का भय दिखाकर आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ मारपीट कर लूट करने के आरोप में पुलिस ने दो महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक फर्जी पुलिस भी शामिल है। बदमाशों ने एक मोबाइल कंपनी में काम करने वाले कर्मी को वाई-फाई लगाने का झांसा देकर आठ हजार रुपए की लूट की थी।

- **गिरफ्तार आरोपियों में दो महिलाएं शामिल**

पुलिस के मुताबिक राघव मिश्रा सहित अन्य से लूट करने के आरोप में आमानाका निवासी प्रदीप सिंग बोपाराय, कबीर नगर मीडिया सिटी निवासी यश प्रजापति, कोटा निवासी मदन सोना, कबीर नगर निवासी खुशबू तिवारी, आमानाका डुमरतलाब निवासी अन्नू अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक प्रदीप सिंग के खिलाफ पूर्व में भी अपराध दर्ज है।



### भागने पर बंधक बनाकर लूटपाट

पुलिस के अनुसार राघव ने स्थिति को भांपते हुए घर से मां का कॉल आने की बात कह कर भागने की कोशिश की। घर के बाहर पहले खुशबू तथा अन्नू के साथियों ने राघव को घेर लिया। इसमें एक आरोपी ने अपने आपको पुलिसकर्मी बताकर राघव के साथ मारपीट की। इसके बाद एक बदमाश ने राघव के गले में चाकू अड़ाकर पेमेंट गेटवे से यश के अकाउंट में जबरन आठ हजार रुपए ट्रांसफर कराया।

### पेमेंट गेटवे के नंबर से पकड़े गए बदमाश

पुलिस गिरफ्त में आए बदमाशों को यकीन था कि राघव उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराएगा। इसीलिए बदमाशों ने राघव के पास नकदी रकम नहीं होने के बावजूद उसके मोबाइल के पेमेंट गेटवे से रकम ट्रांसफर कराने का साहस दिखाया। पुलिस ने मोबाइल के माध्यम से बदमाशों के अकाउंट में ट्रांसफर किए गए पेमेंट गेटवे के नंबर के आधार पर ट्रेस कर गिरफ्तार किया।

### आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ लूट

पुलिस के मुताबिक सेक्सटार्सन के आरोप में गिरफ्तार गिरोह ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को झांसा देकर सूनसान जगह पर बुलाकर लूट की है। लोक लाज के भय से लोग थाने में शिकायत करने से बचते थे। इसका फायदा उठाकर बदमाश लोगों के साथ ऑनलाइन लूट की घटना को अंजाम देते थे।

### वाई-फाई लगाने का झांसा देकर बुलाया

पुलिस के अनुसार अन्नू अग्रवाल ने यश प्रजापति के परिचित राघव का मोबाइल नंबर हासिल कर अपने घर में वाई-फाई लगाने कॉल किया। अन्नू ने राघव को अपना नाम पायल साहू बताया। अन्नू द्वारा भेजे गए मोबाइल लोकेशन पर राघव पहुंचा, तो सूनसान जगह पर अन्नू, राघव को एक झोपड़ीनुमा मकान में ले गए। वहां खुशबू पहले से मौजूद थी। इस दौरान खुशबू ने राघव पर फिजिकल संबंध बनाने दबाव बनाया।

# छाए बादलों से मौसम में बदलाव आज-कल हल्की बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छाए बादलों के प्रभाव से रायपुर समेत मध्य और बस्तर सहित दक्षिण में मौसम में बदलाव हो गया है। हवा की गति अधिक होने की वजह से दिन में ठंडकता बढ़ी है, मगर रात का पारा चढ़ा हुआ है। रविवार और सोमवार को दोनों हिस्सों में हल्की बारिश अथवा बूंदाबांदी की संभावना है।

- **नमी के साथ हवा के सम्मिलन का प्रभाव बस्तर और मध्य हिस्से में**

बंगाल की खाड़ी से पर्याप्त मात्रा में आने वाली नमी के साथ पूर्वी मध्यप्रदेश और उससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर हवा का सम्मिलन हो रहा है। इसका असर उत्तर को छोड़कर प्रदेश के अन्य हिस्सों में हो रहा है।

शनिवार को जगदलपुर में 11.5 मिमी. बारिश हुई, वहीं शहर में दोपहर कुछ देर तक छींटे पड़े। इसके बाद हवा की गति अधिक होने की वजह से ठंडकता का अहसास होता रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना है कि अगले दो दिन तक प्रदेश में हल्की से मध्यम वर्षा का दौर बन रहा है।

रविवार शाम से लेकर सोमवार की रात तक रायपुर समेत कई इलाकों में हल्की बारिश की प्रबल संभावना है। दस दिसंबर के बाद मौसम सामान्य होना प्रारंभ होगा। 10-11 की दरम्यानी रात न्यूनतम तापमान में पुनः कमी आने की संभावना है। अभी रायपुर में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है, जो सामान्य से 6 डिग्री अधिक है। दिन का अधिकतम तापमान सामान्य स्थिति में था।



### उत्तर में ठंड का असर

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तर यानी सरगुजा और उससे लगे बिलासपुर संभाग में मौसम का बदलाव नहीं होगा। रात के वक्त वहां अच्छी ठंड पड़ रही है और तापमान आठ डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा रहा है। बीते चौबीस घंटे में सबसे कम तापमान 8.8 अंबिकापुर का दर्ज किया गया था।

**शावकों की धमाचौकड़ी देखने विजिटर को करना पड़ेगा इंतजार**

# सफारी में व्हाइट टाइगर के तीन शावक दो माह बाद करेंगे धमाचौकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिलासपुर कानन पेंडारी जू से जंगल सफारी लाए गए भाई-बहन जया तथा देवा नाम के व्हाइट टाइगर का एकाकीपन दूर करने सफारी प्रबंधन ने व्यवस्था की है। सफारी प्रबंधन ने पांच माह पूर्व जया नामक व्हाइट टाइग्रेस को मैत्री बाग जू शिफ्ट करने के साथ ही उसके स्थान पर रक्षा नामक व्हाइट टाइग्रेस के साथ अदला-बदली की। भाई-बहन का एकाकीपन दूर होने के बाद जंगल सफारी में एक माह पूर्व देवा तथा रक्षा के मिलन से सफारी में व्हाइट टाइगर का कुनबा बढ़कर दो से पांच पहुंच गया। रक्षा ने एक माह पूर्व तीन व्हाइट टाइगर को जन्म दिया है। तीनों पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं। जंगल सफारी के डायरेक्टर धमशील गणवीर के मुताबिक तीनों शावकों को वन्यजीव चिकित्सकों की निगरानी में आइसूलेशन वार्ड में रखा गया है। शावकों के पास किसी को जाने की अनुमति नहीं है। शावकों के साथ उसकी मां को किसी भी तरह के संक्रमण से बचाए रखने पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।



### दो माह बाद विजिटर धमाचौकड़ी देख सकते हैं

सफारी में व्हाइट टाइगर के शावकों की धमाचौकड़ी देखने सफारी में आने वाले विजिटर को इंतजार करना होगा। विजिटर शावकों की धमाचौकड़ी दो माह बाद देख सकेंगे। शावकों की उम्र महज एक माह है, इसलिए शावकों को अभी खुले में नहीं छोड़ा जा सकता। शावक अपनी मां के पास पर्याप्त समय तक रह सकें, इसके लिए रक्षा को भी खुले में नहीं छोड़ा जा रहा।

### प्रबंधन का दावा -ठंड से बचाने उपाय किए गए

सफारी प्रबंधन के मुताबिक शावकों के किसी तरह से संक्रमण के साथ ठंड से बचाने उपाए किए गए हैं। जिस जगह शावकों के साथ उनकी मां को रखा गया है, वहां किसी को जाने की अनुमति नही है। इसकी वजह शावकों को इंसानों के माध्यम से किसी तरह के संक्रमण फैलने से बचाना है। साथ ही इंसानी आहट से शावक तथा उनकी मां को किसी भी तरह से स्ट्रेस से बचाना है।

### व्हाइट टाइगर की संख्या 16 पहुंची

सफारी में रक्षा नामक व्हाइट टाइगर द्वारा तीन शावकों के जन्म देने के बाद प्रदेश के मैत्रीबाग, कानन पेंडारी तथा जंगल सफारी जू में सफेद बाघ की संख्या 13 से बढ़कर 16 हो गई है। वर्तमान में जंगल सफारी में व्हाइट टाइगर की संख्या दो से बढ़कर पांच, मैत्रीबाग में आठ तथा कानन पेंडारी जू में व्हाइट टाइगर की संख्या तीन है।

**स्वास्थ्य मंत्री के निवास पर हुई बैठक, फिर मुख्यमंत्री से मुलाकात**

# मुख्यमंत्री ने मिलर्स को दिया आश्वासन उनकी मांगें अगले कैबिनेट में रखी जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के मिलर्स की समस्याओं के समाधान को लेकर आश्वासन दिया है कि अगली कैबिनेट की बैठक में इसे रखा जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सभी जिलों के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री निवास में उनसे मुलाकात की। प्रदेशभर के मिलर्स ने कस्टम मिलिंग कार्य करने सहमति दी है, इसके बाद सभी जिलों में सीएमआर कार्य आरंभ हो गया है।

- **अनुबंध की शर्तों में संशोधन पर भी बनी सहमति**

पिछले दिनों मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद मांगें पूरी न होने पर प्रदेशभर के राइस मिलर्स पंजीयन से लेकर अनुबंध का कार्य न कर धान का उठाव नहीं कर रहे थे। धान का उठाव नहीं होने से सोसाइटी में अव्यवस्था और किसानों को परेशानी हो रही थी। समाधान के लिए अनेक स्तर पर शासन और प्रदेश मिलर्स एसोसिएशन के बीच चर्चा हुई। प्रोत्साहन राशि, मिलर्स का बकाया भुगतान, परिवहन व्यय इत्यादि को लेकर गतिरोध बना हुआ था, जिसके बाद प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निवास पर मुख्यमत्री के निर्देश पर प्रदेश एसोसिएशन के साथ बैठक हुई। इसमें मिलर्स की सभी प्रमुख मांगों के साथ अनुबंध की विभिन्न कंडिकाओं में संशोधन पर सहमति बनी। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रदेश एसोसिएशन अध्यक्ष योगेश अग्रवाल के साथ सभी पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री से मुलाकात करायी। इसमें मुख्यमंत्री ने मिलर्स को दिए आश्वासन को अगले कैबिनेट में पूरा करने ठोस आश्वासन दिया।



### अनुबंध कर करेंगे धान उठाव : योगेश

एसोसिएशन के राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा, मिलर्स तुरंत अनुबंध कर धान का उठाव करेंगे। किसानों को किसी तरह की समस्या नहीं होगी। उन्होंने अपने मिलर्स साथियों से तत्काल सीएमआर कार्य करने अपील जारी की है। अन्य समस्याओं के लिए मार्कफेड के प्रबंध संचालक रमेश शर्मा के साथ भी बैठक हुई, जिसमें अनुबंध के विभिन्न प्रावधान में संशोधन को लेकर सहमति बनी।

## खबर संक्षेप

### एसीआई के डॉ. श्रीवास्तव को कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का फैलो सम्मान



**रायपुर।** डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) डॉ. स्मित श्रीवास्तव को कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का फैलो सम्मान मिला है। यह सम्मान प्राप्त करने वाले राज्य के पहले कार्डियोलॉजिस्ट बने हैं डॉ. श्रीवास्तव। उन्हें लखनऊ में राष्ट्रीय सम्मेलन में कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के फैलो का सम्मान देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों मिला। देशभर से मात्र 15 कार्डियोलॉजिस्ट इस सम्मान के लिए चयनित किए गए हैं।

### पंजाब केसरी रोड पर होगा नई नाली का निर्माण

**रायपुर।** साईंनगर जोरा की जनता को पंजाब केसरी रोड पर नई नाली निर्माण के लिए 75 लाख रुपए से भी ऊपर की धनराशि की सौगात मिलेगी। विगत वर्षों का इंतजार समाप्त होता देखकर साईंनगर, प्रोफेसर कॉलोनी और जोरा की जनता में हर्ष की लहर व्याप्त हो गई है। यह राशि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन और क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा, धरसींवा विधानसभा से डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, पूर्व अध्यक्ष, साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर के संयुक्त प्रयासों से नई नाली निर्माण के लिए नगर निगम द्वारा 75 लाख रुपयों से भी ऊपर का प्राक्कलन तैयार करके प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति बाबत शासन की ओर बढ़ा दिया गया है।

### साइंस कॉलेज यूथ हब तोड़ने के विरोध में उतरे पूर्व विधायक

**रायपुर।** साइंस कॉलेज यूथ हब को तोड़ने को लेकर शनिवार को पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने दुकानदारों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए बीजेपी सरकार पर रोजगार छीनने आरोप लगाया। उन्होंने कहा, साइंस कॉलेज यूथ हब 8 से 9 करोड़ की लागत से बनी स्मार्ट सिटी की योजना थी, जिसको इम्प्लीमेंट सरकार के अधिकारियों ने किया।

## निधन

### रामूसिंह मरकाम



**रायपुर।** ग्राम मोहरेंगा निवासी रामूसिंह मरकाम का 5 दिसंबर को निधन हो गया। वे कामिनी मरकाम के पति, नीरज के पिता तथा रामजी मरकाम के भाई थे।

---

### बैंकों से ऋण लेकर दूसरे को दिया, आरोपी ने नहीं पटाया किस्त, अब बैंकों का दबाव

# ज्यादा लाभ के लालच में फंसीं सैकड़ों महिलाएं, लिखाई धोखाधड़ी की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ब्लाक के दर्जनभर से अधिक ग्रामों की सैकड़ों महिलाओं के नाम से करोड़ों रूपये का लोन लेकर भुगतान नहीं करने पर पीड़ित महिलाओं ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। लगभग 86 महिलाओं के साथ लोन दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। प्राथियों की संख्या एवं राशि और बढ़ सकती है। इस राशि को आरोपी ने शेयर बाजार एवं क्रिप्टो कैरेंसी में लगाया है। अब उसमें नुकसान होने के कारण आरोपी ऋण की राशि का किस्त जमा नहीं कर पा रहा है जिससे यह मामला सामने आया है।

शनिवार एवं रविवार को ग्राम बड़भूम, नारागांव और भुलनडबरी के पीड़ित महिलाएं गुरुर स्थित विधायक संगीता सिन्हा और पूर्व विधायक भैय्या राम सिन्हा से मुलाकात कर मामले की जानकारी दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी ने एक एक महिलाओं के नाम से कई बैंकों से लोन निकाला है। यह सब प्रार्थी महिलाओ की जानकारी व सहमति से हुआ है। महिलाओं ने स्वरोजगार के नाम पर लोन निकाला था, जो संस्था से जुड़े हुए लोग थे वे निकाले गए लोन से नाममात्र की राशि देती थी और बाकी पैसा रोजगार में लगाने की बात कहते हुए दूसरी जगहों पर निवेश करते थे। कुछ माह तक सब ठीक चलता रहा, पर जब किश्त जमा नहीं हुई और बैंक से नोटिस पहुंचा, तब महिलाओं ने थाने में शिकायत की। पर जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तब पीड़ित महिलाएं पूर्व विधायक भैय्या राम सिन्हा के पास पहुंच अपनी व्यथा सुनाई। पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा के हस्तक्षेप के बाद महिलाओं का आवेदन थाने में लिया गया। नारागांव की महिलाओं ने बताया कि उनके गांव की सरिता करियाम ने ऋण के लिए प्रेरित किया एवं उनके मार्गदर्शन में ही कई बैंकों से ऋण स्वीकृत हुए। यह भी आरोप है कि आरोपी ने कई बैंकों से एक ही महिला के नाम से ऋण स्वीकृत कराए।

कई लोगों के नाम से कई बैंको का ऋण मिलकार 10 से 20 लाख तक की रकम निकाली गई है। उन्होंने बताया कि परेंगुड़ा बाईपास रोड बालोद में खोलबहरा कैवर्य के द्वारा 50 रुपये के स्टांप पेपर में पैसों के लेनदेन से संबंधित शपथ पत्र भरवाया गया है। जिसमें कितना पैसा निकाला गया है कितना मासिक किस्त चुकाना है इसका जिक्र किया गया है। नारागांव में ही अकेले करीब एक करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी हुई है। वहीं मुख्य आरोपित खोलबहरा दफ्तर बंद कर फरार है।

पीड़ित महिलाओं में पूर्णिया, ललिता, महिमा राजेश्वरी, सविता, रेखा, गंगाबाई, चित्रलेखा, ममता, मंजू, संत बाई, पुष्पा आदि ने सरिता करियाम और उनके पति चंद्रहास के विरुद्ध थाने में एफआइआर दर्ज करने के लिए आवेदन सौंपा।



**आरोपियों से पूछताछ कर रही पुलिस**

मामले में पुलिस विभाग कुछ बताने से बच रही हैं। रविवार को पुलिस आरोपियों को पकड़ कर थाना लाकर पूछताछ कर रही है। मामले में अब तक अपराध कायम नहीं हुआ है। पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने कहा कि महिलाएं थाने में शिकायत करने गई थीं, पर पुलिस ने नहीं सुनी। उसके बाद महिलाएं मेरे कार्यालय पहुंचीं एवं अपने साथ हुए धोखाधड़ी की जानकारी दी। मैंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को मामले में गंभीरता से कार्रवाई करते हुए पीड़ितो को न्याय दिलाने कहा है।

---

# बीस साल में दो बार स्वीकृति, फिर भी नहीं खुला आंबेडकर अस्पताल का झूलाघर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में काम करने वाली महिला स्टॉफ और इलाज के लिए आने वाली महिलाओं के बच्चों के लिए बनाई गई झूलाघर की योजना बीस साल बाद भी पूरी नहीं हो पाई है।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के बाहर वर्ष 2004 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डा. कृष्णमूर्ति बांधी एवं वर्ष 2022 में टीएस सिंहदेव ने इस योजना को हरी झंडी दी थी। दोनों बार कुछ समय तक प्ले जोन खुला, मगर देखरेख के अभाव में बंद हो गया।

आंबेडकर अस्पताल में काम करने वाला पचास प्रतिशत स्टाफ महिला का है। काफी स्टाफ अपने छोटे बच्चों को लेकर अस्पताल आते हैं। बच्चों के मनोरंजन और कामकाज में होने वाले दखल को रोकने के लिए अस्पताल में प्ले जोन और झूलाघर की योजना बनाई गई थी। अस्पताल के भूतल में स्थित स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के वार्ड के बाहर बनाए गए खेलघर में कई तरह के खिलौने रखे गए थे, जिसे एक सामाजिक संस्था द्वारा उपलब्ध कराया गया था। समय बीतने और खेलघर का देखरेख करने वाली आया बाई को हटाने के बाद रखरखाव के अभाव में खिलौने खराब हो गए और वहां ताला लग गया।

उसके पुनः शुरू होने के इंतजार में काफी समय बीत गया फिर वर्ष 2022 को तात्कालीन स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने स्वशासी समिति की योजना में इसे मंजूरी दी। प्लेजोन बनाने के साथ वहां स्टाफ की नियुक्ति करने की घोषणा हुई। प्लेजोन फिर कुछ दिन खुलने के बाद पुनः बंद हो गया, जिस तरफ अभी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### गायब हो गए खिलौने

खेलघर में काफी संख्या में सामाजिक संस्था द्वारा उपलब्ध कराए गए खिलौने रखे गए थे। इनमें से कुछ खराब हो गए और बाकी गायब हो गए। अब खेलघर के नाम पर वहां उद्घाटन अवधि की पट्टिका और एलुमीनियम तथा कांच की मदद से बनाए गए कमरे ताला लगाने के बाद खाली पड़े हैं। इस बारे में अस्पताल प्रबंधन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इसके लिए अलग से स्टाफ की नियुक्ति किए जाने की आवश्यकता थी जिस पर ध्यान नहीं दिया गया।

---

# जिला स्तरीय पैरा एथलेटिक्स स्पर्धा में दिव्यांगों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

रविवार को जिला स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन पैरा स्पोर्ट्स एसोसिशन ऑफ बालोद द्वारा सरयू प्रयाद अग्रवाल स्टेडियम गंजपारा बालोद में किया गया।

दिव्यांगों के लिए विशेष रूप से यह प्रतियोगिता पहली बार जिले में आयोजित की गई। प्रतियोगिता दृष्टिबाधित, अस्थि बाधित तथा व्हील चेयर महिला, पुरूष दिव्यांगों के लिए सब जूनियर वर्ग 08–15 वर्ष, जुनियर वर्ग 15–21 वर्ष सीनियर वर्ग 21 वर्ष से ऊपर के लिए आयोजित की गई थी।

इस खेलकूद एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में मुख्य रूप से 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर मीटर, 800 मीटर दौड़, लांग जम्प, हाई जम्प, तवा फेक, गोला फेक, भाला फेक के तहत कई दिव्यांग खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा



अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश कुमार निषाद, सचिव दुष्यंत कुमार, कोषाध्यक्ष देवराम पटेल, संरक्षक हरिराम कोर्राम ने बताया कि यह प्रतियोगिता पैरालिम्पिक कमेटी ऑक इंडिया के मापदण्डो के अनुसार कराई गई। इसके आधार पर दिव्यांग खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

समिति के सदस्यों ने बताया कि उनकी समिति के 10 में से 8 सदस्य विकलांग हैं, दो सदस्य सामान्य है। उन्होंने स्वयं के खर्चे से कार्यक्रम करवाया। उन्होंने बताया कि वे जिले के पैरा एथलेटिक्स को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि जिले के दिव्यांग भी खेल क्षेत्र में पीछे न रहें।

### इन्होंने मारी बाजी

इस प्रतियोगिता में महिला सीनियर के तहत गोला फेंक मे कौशिल्या प्रथम, जानकी द्वितीय, रूखमणी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला सिटिंग के तहत उमेश्वरी प्रथम, हिरमोतीन निषाद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तवा फेंक के तहत बेदू साहू प्रथम, कौशिल्या द्वितीय, महिला सिटिंग में उमेश्वरी प्रथम, हिरमोतीन द्वितीय स्थान प्राप्त की। भाला फेंक जूनियर में पुष्कर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाला फेक महिला में जानकी ने प्रथम स्थान व मनीषा धनकर ने द्वितीय, तवा फेक में गगन कुमार जोशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

---

### बीजू योजना के समकक्ष हो आयुष्मान का पैकेज संशोधन की उठी डिमांड

**रायपुर।** पिछले दस साल से लंबित आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के पैकेज को ओडिशा के बीजू स्वास्थ्य कार्यक्रम के समकक्ष लाने की सिफारिश की गई है। इसके साथ लगातार डिमांड के बाद भी लंबित भुगतान पर किसी तरह की ठोस पहल नहीं किए जाने पर चिकित्सकों ने चिंता जताई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के रायपुर अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता, सचिव डा. दिग्विजय सिंह तथा डा. विकास अग्रवाल ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग दोहराई है। डा. गुप्ता ने बताया कि सभी शासकीय और निजी अस्पतालों का आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना अंतर्गत करीब 1500 करोड़ का भुगतान कई महीनों से लंबित है। सामान्य सभा की मीटिंग में आईएमए प्रतिनिधियों ने सहमति जताई है कि बकाया राशि का भुगतान ना होने पर अस्पताल संचालक उपवास सहित धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। इस दौरान भुगतान की पारदर्शी प्रणाली विकसित किए पर भी जोर दिया गया है। स

### पर्यावरण समिति ने मंडल परिसर में रोपे पौधे

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की पर्यावरण समिति द्वारा चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल परिसर में शनिवार को चंपा और टिकोमा के आकर्षक पौधे लगाए। पौधारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आल इंडिया बिजली कर्मचारी संघ के कार्यकारिणी सदस्य अरुण देवांगन और समिति के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने मंडल के मुख्य द्वार पर बने लॉन एरिया में पौधे लगाए। समिति के उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कि पर्यावरण समिति ने मंडल के नवनिर्मित भवन को सुंदर बनाने के लिए परिसर में चंपा, टिकोमा सहित कई प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। पौधारोपण का नेतृत्व कृषि वैज्ञानिक डॉ. जेएस उरकुरकर ने किया।

---

# विकासखंडस्तरीय युवा उत्सव में 245 युवाओं ने दिखाई प्रतिभा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

डौण्डी विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव 2024 का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दल्लीराजहरा में शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश द्विवेदी मण्डल अध्यक्ष भाजपा दल्लीराजहरा थे, अध्यक्षता जय सिंह भारद्वाज बीईओ डौण्डी ने की। विशेष अतिथि डीडी मण्डले सीईओ जनपद पंचायत डौण्डी, अब्दुल इब्राहिम उपाध्यक्ष नगर पंचायत चिखलाकसा, शेखर रेड्डी व्यवस्थापक, सचिदानंद शर्मा बीआरसीसी, भूपेन्द्र तिवारी प्राचार्य सशिमं दल्लीराजहरा थे।

■ जिला स्तरीय युवा उत्सव सरदार पटेल स्टेडियम में आज

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जेएस भारद्वाज ने बताया कि युवा उत्सव के लिए खण्ड स्तर पर 248 युवाओं का पंजीयन हुआ था, जिनमें से 245 युवाओं की शानदार उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि राकेश द्विवेदी ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा युवाओं की प्रतिभा को आगे बढ़ाने व क्षेत्रीय कलाकार को मंच प्रदान करने के लिए इसका आयोजन किया जा रहा है। इसमें आप सभी बेहतर मेहनत कर अच्छा प्रदर्शन करें, जिससे जिले के लिए चयनित होंगे। विशेष अतिथि डीडी मण्डले ने भी युवाओं को प्रोत्साहित किया। विकासखण्ड स्तर पर कार्यक्रम प्रभारी चन्द्रशेखर पवार,टीएस पारकर व साक्षी देवांगन ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले युवा जिला स्तरीय युवा उत्सव जो 9 दिसम्बर 2024 को सुबह 10 बजे तक सरदार पटेल मैदान में प्रभारी शिक्षक के साथ शामिल होंगे। आने जाने का किराया संस्था से बालोद व वापसी का दिया जाएगा।



---

### जिला साहू संघ ने किया जिला स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन

# सामाजिक मंच पर जुटे जीवन साथी की तलाश में युवक-युवती और दिया परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

आदर्श विवाह साहू समाज की ही पहल है, जो वर्तमान में सर्व समाज के लिए अनुकरणीय है। इसी प्रकार सामाजिक स्तर पर विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन हमारी भारतीय संस्कृति की उत्कृष्ट पहचान बनते जा रही है। ऐसे परिचय सम्मेलन के माध्यम से अलग-अलग शहरों के सामाजिकजन एक ही स्थान पर एकत्र होकर सुयोग्य वर वधु तथा युवक-युवती सुयोग्य जीवन साथी का चयन करते हैं। वर्तमान समय में ऐसे आयोजन समाज को संगठित करने की दिशा में भी सार्थक साबित हो रहा है।

उक्त उद्गार जिला साहू संघ द्वारा रविवार को आयोजित जिला स्तरीय साहू समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन के अवसर पर साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहलसिंग साहू ने व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला साहू संघ अध्यक्ष सोमन साहू ने कहा कि संघ द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित परिचय सम्मेलन बहुत ही कारगार साबित हो रहा है। सम्मेलन के माध्यम से ही प्रतिवर्ष अनेक युवक-युवती की सुयोग्य जीवन साथी की तलाश पूरी हो रही है। सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि प्रदेश सलाहकार पवन साहू, प्रदेश महामंत्री हलधर साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सोनवानी, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, विरेन्द्र साहू एवं अन्य अतिथियों ने भी युवक-युवती परिचय सम्मेलन की सराहना करते हुए समाज के विवाह योग्य युवक-युवती को ऐसे परिचय सम्मेलन में शामिल होने तथा मंच के माध्यम से अपनी पसंद नापसंद जाहिर करने आगे आने के लिए प्रेरित किया।







### विवाह की बढ़ती उम्र पर जताई चिंता

सम्मेलन के संयोजक डॉ कमलराम साहू ने समाज में विवाह योग्य युवक-युवतियों की बढ़ती उम्र पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अच्छी नौकरी और जमीन जायदाद की बजाए वर्तमान समय में युवक-युवती को अपने लिए सुयोग्य जीवन साथी की तलाश पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि परिचय सम्मेलन के साथ ही प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तैलिक ज्योति पत्रिका अंक 15 का प्रकाशन किया गया है, जिसमें बालोद जिले के साथ ही दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी, कांकेर, रायपुर तथा अन्य जिले के सामाजिक युवक-युवती का फोटो सहित परिचय प्रकाशित किया गया है।

### युवक-युवतियों ने दिया परिचय, बताया कैसा जीवन साथी चाहिए

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में समाज के युवक-युवतियों ने अपना परिचय मंच में दिया और बताया कि वह अपना जीवन साथी कैसा चाहते हैं। तैलिक ज्योति पत्रिका प्रकाशन में संपादक डॉ केआर साहू, संपादक मंडल भोलाराम साहू, हरिशचन्द्र गंजीर, हरीश साहू, रामस्वरूप साहू, लेखराम साहू का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विजय साहू ने किया। कार्यक्रम में धिराजसिंह साहू, पंच कुमारी साहू, जितेन्द्र साहू, कृष्णाराम साहू, आरडी साहू, तोरणलाल साहू, विजय साहू, बंशीलाल साहू, लेखराम साहू, अंजनी साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।





Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।




HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating ★★★★★ PHILIPS Authorized dealer PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### धर्म परिवर्तन संबंधी खबर प्रकाशन पर मारपीट की शिकायत, मामला दर्ज

**बालोद।** गुण्डरदेही में ईसाई धर्म मानने वालों का खबर प्रकाशन करने वाले पत्रकार एवं उसके परिवार पर जानलेवा हमला किये जाने का मामला सामने आया है। हिंदू धर्म के लिए नासूर बन रही अवैध प्रार्थना सभा का आयोजन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। तो दूसरी ओर भोले भाले लोगों को बहला फुसलाकर पुरानी बीमारी ठीक होने का व पैसों का लालच देकर उसका धर्म परिवर्तन करने का काम क्षेत्र में जोरों शोरों से चल रहा है। इसे लेकर समय–समय पर हिंदू संगठनों द्वारा इसका विरोध भी किया जाता आ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही नगर के वार्ड क्रमांक 03 के एक परिवार द्वारा ईसाई धर्म को मानने की बात सामने आई थी। इसे लेकर कई बार सामाजिक मीटिंग के जरिए उनको ऐसा नहीं करने को कहा गया, इसके बावजूद भी ये लोग ईसाई धर्म में जाया करते थे। बार बार समझाइश के बाद भी उनके जाने की जानकारी मिलने के बाद समाज द्वारा उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई। इस संबंध में गुंडरदेही के एक पत्रकार द्वारा खबर का प्रकाशन किया गया था। खबर प्रशासन के बाद आक्रोशित होकर उक्त परिवार के सदस्यों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। वहीं, बीच बचाव करने आए उनके पिताजी एवं बुआ पर भी इन लोगों ने हमला किया गया। मामले में प्रार्थी चंदन पटेल के आवेदन पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5) के तहत गुण्डरदेही थाना में अपराध कायम किया गया है।

### वोट लिस्ट से नाम कटने पर बीएलओ को धमकी

**भिलाई।** वोटर लिस्ट से नाम काटने को लेकर एक युवक ने बीएलओ को धमकी देने का मामला सामने आया है। जिसका वीडियों सोशल मीडिया में वायरल हो गया है।युवक विवाद करने स्कूल तक चला गया था। मिली जानकारी के मुताबिक शास्त्री नगर कैम्प 1 में संचालित पूर्व माध्यमिक शाला में शुक्रवार को जितेंद्र यादव उर्फ जीतू शराब के नशे में पहुंचा और स्कूल में जमकर बवाल करने लगा। जीतू काफी नशे में था। उसने बीएलओ को धमकाना शुरू कर दिया। उसकी हरकत का पूरा वीडियो एक कर्मी ने बना लिया। वीडियो में जीतू शिक्षकों को धमकी देता दिख रहा है। स्कूल की शिक्षिका नीता ने जीतू को समझाने का प्रयास किया लेकिन उसे ही जान से मारने की धमकी दे डाली।

### कुत्ते को बचाने की कोशिश में चौक से टकराई कार

**भिलाई।** शुक्रवार की देर रात एक कार तेज रफ्तार से आ रही थी। इस दौरान सड़क पर कुत्ते थे। जिसे बचाने के चक्कर में चौक पर कार को चढ़ा दिया।हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई लेकिन कार चौक को तोड़ते हुए भीतर घूस गया। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।मिली जानकारी के मुताबिक कार सीजी 07 बीएफ 5470 के चालक ने तेज रफ्तार से आ रहा था। इस दौरान अचानक कुत्ता सामने आ जाने से कार अनियंत्रित हो गया। घटना सेक्टर 4 चौक का है, कार चालक तेज रफ्तार समें था जो लोहे के घरिल में जा घुसा है। कार में सिर्फ एक की युवक बैठा हुआ था। हादसे में चालक को कोई खास चोट नहीं आई है। लेकिन कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

**आयोजन : 25 वर्ष पहले शुरू हुआ था कार्यक्रम**

# हथौद में श्रीमद् भगवत गीता जयंती उत्सव 11 को, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला मुख्यालय से 13 किमी दूर स्थित मुक्त आश्रम हथौद में श्रीमद् भगवद गीता जयंती उत्सव का आयोजन 11 दिसंबर को रजत जयंती उत्सव के रूप में किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर महर्षि मुक्ताश्रम न्यास के प्रबंधकारिणी समिति की बैठक अध्यक्ष गोविंद राम साहू की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि सुबह 9 बजे भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण जी की और श्रीमद् भगवद गीता माता की पूजा अर्चना आचार्य मनोज शर्मा सोरर द्वारा की जाएगी। 10 बजे से साधकों द्वारा आद्योपांत अट्ठारह अध्याय गीता पारायण होगा। दोपहर 11 बजे से मुक्तनुचार गिरिजा देवी शर्मा द्वारा प्रवचन होगा। 2 से 2:30 बजे भोजन प्रसादी, द्वितीय सत्र में प्रवचन बाल योगेश्वर श्री राम बालक दास जामडीपाट द्वारा 3 से 4 बजे प्रवचनोपरांत स्वामी जी के हाथों गीता ज्ञान परीक्षा में विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरण और भगवत गीता माता की आरती के साथ समापन होगा। आयोजन प्रमुख पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने बताया कि स्वामी आत्मा राम कुम्भज के मार्गदर्शन में यह आयोजन मुक्त अवधूत क्रीड़ा स्थली बेलमांड में आज से पच्चीस साल पहले जिले भर में पहले गीता जयंती के रूप में स्वयं के खर्चे पर मनाना प्रारंभ किया। उसके बाद से लगातार आयोजन हो रहा है। इस वर्ष पच्चीस वर्ष पूर्ण कर रजत जयंती उत्सव रूप में आयोजित किया जा रहा है।

### बच्चों के लिए होगी निःशुल्क श्रीमद् भगवत गीता ज्ञान परीक्षा

श्री राजपूत ने बताया कि बच्चों को सनातन धर्म और गीता माता के ज्ञान और महिमा बताने के लिए प्रतिवर्ष छात्र छात्राओं को शिशु वर्ग, बल वर्ग और किशोर वर्ग में वर्गीकृत कर निःशुल्क श्रीमद् भगवद गीता ज्ञान परीक्षा का आयोजन विभिन्न विद्यालयों में किया जाता है। तीनों वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त परीक्षार्थियों को प्रोत्साहन के लिए स्मृति चिन्ह, सत्साहित्य और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। इस वर्ष रजत जयंती उत्सव में लगभग 5000 विद्यार्थियों के परीक्षा में निःशुल्क बैठने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में अध्यक्ष गोविंद राम साहू, उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू, सचिव पवन साहू, राम भरोसा साहू, लखन मांडवी, थान सिंह साहू, यशवंत साहू, पुनीत पटेल, संतोष सिन्हा, सागर दास सहित सभी न्यासी उपस्थित थे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ टेस्ट परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला बालक नवागढ़ में जवाहर नवोदय विद्यालय के प्री टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा लक्ष्य टीम छत्तीसगढ़ के सानिध्य में शेरसिंह राजपूत प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला चकलाकुंडा के मार्गदर्शन में हुआ। यह हमारे नवागढ़ विकासखण्ड में प्रथम आयोजन था। इसमें नवागढ़ विकासखण्ड सहित दूसरे विकासखण्ड के बच्चे भी शामिल हुए। परीक्षा रविवार को 11 बजे से 1 बजे तक लिया गया। इसमें 77 बच्चे शामिल हुए। आगामी 5 रविवार(15, 22, 29 दिसम्बर 2024 एवं 05,12 जनवरी 2025 को यह परीक्षा आयोजित होगी। इस टेस्ट परीक्षा में विशेष सहयोगी शिक्षक साथी के रूप में कुमार वर्मा, शिक्षिका रूपल साहू, सपना श्रीवास्तव, सुशीला बर्मन, अमीषा टंडन, सुमेंद साहू, शांतकुमार पटेल, सुखेन्द्र ठाकुर, चुरामन साहू उपस्थित थे। प्रधान पाठक शेरसिंह राजपूत, कुमार वर्मा सहायक शिक्षक के द्वारा सभी बच्चों और पालकों को आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं। आगे की पढ़ाई के साथ-साथ उसकी तैयारी कैसे करें इसके बारे में विस्तार से बताया गया।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय में मनाया गया भाषा उत्सव

**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में प्राचार्य कविता बाचपेयी के दिशा निर्देशन में भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत छात्राओं को भारत की विभिन्न भाषाओं को सामान्य शब्दों एवं वार्तालाप के कुछ सरल वाक्यों के उदाहरण द्वारा बताया गया।

साथ ही छात्राओं को ऑनलाइन गीत, कविता, कहानी अलग अलग भाषाओं में सुनाया व दिखाया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्रमोद कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।जिसमें व्याख्याता रेखा सोनी, अराधना जोसेफ, सोमा घोष,राखी सोनी एवं अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए गए।ऐसे आयोजन से बच्चों में विभिन्न भाषाओं को जानने व समझने के प्रति रुचि जाग्रत होती है। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



## अग्निवीर में चयन के बाद गृहग्राम पहुंचे विजय, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ब्लाक के ग्राम देवीनवागांव में अग्निवीर में चयनित विजय निषाद के पहली बार गांव आगमन पर गांव के लोगों और एनएसएस परिवार बालोद के स्वयंसेवकों ने शॉल, श्रीफल भेंटकर माल्यार्पण कर एवं गुलाल लगाकर मातृभूमि की रक्षा में आगे बढ़ने के लिए सम्मानित किया।

देवीनवागांव के युवाओं ने डीजे के माध्यम से विभिन्न देशभक्ति गीत के मध्य फूल गुलाल से उनका स्वागत किया और तिरंगा झंडा लहराते भारत माता की जयकारे का नारा लगाते हुए अग्निवीर विजय निषाद को गली भ्रमण कराते हुए सम्मान पूर्वक उनके घर तक ले जाया गया। जहां घर परिवार के द्वारा भी पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया। अवध राम निषाद एवं स्वर्गीय बिसहांतिन बाई निषाद के पुत्र हैं विजय निषाद। इस अवसर पर राजेश बक्सी, योगेश निषाद, लक्की साहू, वंदना यादव सहित गांव के अनेक लोग शामिल हुए।

## आलबरस में शुरू हुई खेल प्रतियोगिता

**पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने किया उद्घाटन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम आलबरस में शहीद वीर नारायण खेल क्लब के नेतृत्व में राज्य स्तरीय खो-खो एवं मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। श्री साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजन से खेल प्रतिभा का विकास होता है। उन्होंने कहा कि खो-खो हमारे देश के पारंपरिक खेलों में से एक है। यह केवल खेल नहीं बल्कि सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक भी है। इससे खिलाडि़यों में कौशल, गति, रणनीति तथा टीम भावना विकसित होती है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आरंभ में सभी अतिथियों ने विभिन्न स्थानों से पधारे खिलाडि़यों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, सरपंच आशा देशमुख, देवीसिंग देशमुख, शेषनारायण चन्द्रवंशी,रामशरण देशमुख, डाला देशमुख, संजय, राहुल, भारत यादव,राजा योगेंद्र भारती, सोनू, डोमेन्द्र, जय, भूपेंद्र, चोवा राम, ऋतिक सहित ग्रामीण, कोच, खिलाड़ी मौजूद थे।





### युवरानी ने 400 व 100 मीटर दौड़ में जीता गोल्ड मेडल



**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर की कक्षा दशम की छात्रा युवरानी यादव ने शैल देवी महाविद्यालय अंडा में आयोजित अंतरविद्यालयीन खेलों में शानदार प्रदर्शन कर 400 मीटर और 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर दो गोल्ड मैडल अपने नाम किया। ये गोल्ड मेडल माता सरिता यादव पिता बेनीराम यादव को सौंपकर व उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। विदित हो कि युवरानी सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा डोंगरगढ़ में आयोजित खेल स्पर्धा में गोल्ड मेडल और प्रांत एवं क्षेत्रीय खेल में सिल्वर मेडल प्राप्त कर गौरवमय इतिहास 2024/25 में रच चुकी है। विद्यालय ने इस प्रतिभाशाली छात्रा का विशेष सम्मान विद्यालय में किया था।

### क्रांतिवीर सुखदेव राज को जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि



**अंडा।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला दुर्ग द्वारा ग्राम अण्डा जिला दुर्ग में स्थापित क्रांतिवीर सुखदेव राज की जयंती पर 7 दिसम्बर को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत अण्डा की सरपंच उमादेवी चंद्राकर थीं। साथ ही उपसरपंच अमित चंद्राकर, पुकेश चंद्राकर महामंत्री भाजपा, भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला दुर्ग के उपाध्यक्ष बीएल गजपाल, सचिव पीआर साहू, विजय कुमार देशमुझ, पीके चिवराम, केपी देशमुख, डीपी चंद्राकर सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला दुर्ग के सचिव ने क्रांतिवीर सुखदेव राज की प्रतिमा स्थल का जीर्णोद्धार करवाने के संबंध में संघ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

### बेलोदी शाला के विद्यार्थियों ने सीखी जीवन जीने की कला



**लाटाबोड़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलोदी में अखिल भारतीय गायत्री संस्थान के सदस्य हेमन्त व्यास ने आर्ट आफ लिविंग अर्थात जीवन जीने की कला के सम्बन्ध में शाला के विद्यार्थियों को 5 शनिवार तक निरंतर प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतर्गत कक्षा नवमी से बारहवीं तक के छात्र छात्राओं को नैतिक गुणों को धारण कर मानव जीवन को सार्थक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस निःशुल्क प्रशिक्षण के बाद सभी बच्चों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर शाला प्रभारी नरेन्द्र कुमार साहू, व्याख्याता ज्योति सोनी, प्रीति गणवीर, प्रीति मंडावी, बी लहरे, गीता वर्मा, केके साहू, ईश्वरी साहू, प्रीति साहू तथा शाला के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मुड़खुसरा में एक दिवसीय निःशुल्क योग शिविर



**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुड़खुसरा में एक दिवसीय निःशुल्क योग शिविर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें 230 विद्यार्थी और शाला स्टाफ ने योग की विधाओं को सीखा। योग गुरु मुकेश आरदा ने कहा कि जीवन में हम छोटी–छोटी बातों पर ध्यान दें, तो स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। जैसे प्रतिदिन योग, आसान, प्राणायाम, ध्यान एवं कम से कम पैदल खाली पैर घूमें। भोजन अच्छी तरह चबाकर करें। सदैव बैठकर पानी घूंट घूंट कर पीये तो घुटने के दर्द से बचा जा सकता है। आहार का भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहता है, इसलिए हितकारी आहार ही लें।

### ग्राम हीरापुर में मनाया गया रोजगार दिवस



**बालोद।** ग्राम हीरापुर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत शनिवार को रोजगार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ ग्राम पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित थे। जहां रोजगार सहायक गोमती साहू द्वारा ग्रामीणों को मनरेगा के बारे में जानकारी दी गई और बताया गया कि रोजगार गारंटी के तहत ग्राम के प्रत्येक ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान करने के लिए यह योजना संचालित की जा रही है। इसमें युवा से लेकर बुजुर्ग इस माध्यम से रोजगार प्राप्त करते हैं।

## दिव्यांग सोहन लाल को अब कच्चे मकान से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुसुमकसा में एक छोटी सी दुकान चलाकर अपना और अपने परिवार का घर चला रहे दिव्यांग सोहन लाल को अब कच्चे आवास से निजात मिली है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब उसका आवास पक्का बन गया है। उसे काफी खुशी है कि उसके पक्का आवास का सपना अब हकीकत में तब्दील हो चुका है।

सोहनलाल ने बताया कि वे पहले मिट्टी के जर्जर हो चुके मकान में रह रहे थे, जहां बहुत समस्या बनी रहती थी। रोजी–मजदूरी करने के कारण घर को पक्का बनाने में सक्षम नहीं थे। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जब उन्हें आवास की स्वीकृति मिली तो उनके परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने कहा कि योजना के तहत प्रथम किस्त की राशि आते ही उन्होंने अपने घर का निर्माण शुरू कर दिया। अब उनका पक्का मकान बन जाने से उनका परिवार प्रसन्न है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही शासन की योजना के तहत उनके घर में शौचालय बना तथा जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन भी प्रदान किया गया है, जिससे भरपूर मात्रा में पेयजल प्राप्त होता है।

**शिव महापुराण कथा का छठवां दिन**

# शिव महापुराण में पंडित कृष्ण कुमार ने सुनाई भगवान गणेश और कार्तिक जन्म की कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम मोखा में चल रहे शिव महापुराण कथा के छठवें दिन पंडित कृष्ण कुमार तिवारी ने भगवान गणेश और कार्तिक जन्म की कथा सुनाई।

उन्होंने बुद्धि की परीक्षा वाला वह प्रसंग सुनाया, जिसमें भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती ने कहा था कि दोनों में से जो सबसे पहले पृथ्वी की परिक्रमा कर आएगा वही मेरी गोद में बैठेगा। कार्तिक जी अपने वाहन मोर पर सवार होकर निकले और गणेश से कहा–तुम्हारा वाहन तो चूहा है, तुम कैसे परिक्रमा करोगे। कार्तिक के जाते ही बुद्धि के दाता गणेश ने भोलेनाथ और पार्वती की तीन परिक्रमाएं की और गोद बैठने की जिद करने लगे। माता बोली–तुमने पृथ्वी की परिक्रमा कहां की है? भगवान गणेश बोले माता मैंने आपकी और पिताजी की परिक्रमा कर ली है, जो माता पृथ्वी से बड़ी है और मैंने तो एक नहीं, तीन परिक्रमाएं की हैं, यानी धरती और आकाश के साथ तीनों लोकों से होकर आ गया है। यह जवाब सुनते ही माता ने उन्हें गले से लगा लिया और गोद में बिठा लिया। महाराज ने कथा का सार बताते हुए कहा कि इसलिए भगवान गणेश बुद्धि के दाता कहलाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश की तरह ही हर विशेषता इंसान में होनी चाहिए। जैसे बड़ा पेट बात पचाने के लिए, बड़े कान सत्संग और भक्ति में इतने लीन रहो कि कान यही सुनते रहे। सूंड यानी नाक स्वाभिमान का प्रतीक है, जो गणेश की तरह होना चाहिए।



